**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 16.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><><><>

1. स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने विश्व निमोनिया दिवस, SAANS अभियान और राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।
2. द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र के तटीय और समुद्री जैव विविधता के संरक्षण एवं सतत प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन।
3. साइबर सुरक्षा खतरों और कानूनों पर जागरूकता सत्र का आयोजन।
4. अंडमान निकोबार शतरंज संघ राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन करेगा।

<><><><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने यूटी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से कल विश्व निमोनिया दिवस, SAANS अभियान और राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के उपलक्ष्य में विम्बर्लीगंज स्थित सामुदायिक भवन में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला अध्यक्ष मरियम बीबी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों को समय पर टीके लगवाने के महत्व और बच्चों के उचित पोषण पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. के. नजीरा ने निमोनिया के लक्षण के बारे में जानकारी दी। डॉ. एच. एम. सिद्धाराजू ने सांस अभियान के महत्व, निमोनिया की रोकथाम के उपायों और राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। विम्बर्लीगंज पंचायत प्रधान वेंकट बाबू ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। कार्यक्रम में पंचायत द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्कूली बच्चे आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><><><>

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित "वानिकी प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण" के अंतर्गत अन्य सेवाओं के कर्मियों के लिए द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र के तटीय और समुद्री जैव विविधता के संरक्षण एवं सतत प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कल समापन हो गया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के कैप्टन पी. महाजन, मुख्य अतिथि और केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर विशिष्ट अतिथि थे। कार्याशाला के समापन अवसर पर कैप्टन पी. महाजन ने समुद्री और तटीय आवासों, समुद्री घास, प्रवाल भित्तियाँ, मैंग्रोव और द्वीप समूह की प्रचुर समुद्री जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डाला। क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, प्रभावी संरक्षण के लिए सहयोग, टीमवर्क और अंतर्विभागीय तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी अधिकारी एवं पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सी शिवापेरूमन ने सभी से अपने समुदाय एवं विभागों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यशाला में भारतीय तटरक्षक बल आई एन एस जारावा, भारतीय सेना, सीआईएसएफ, वायु सेना और अन्य विभागों से कुल 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><>

प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली ने शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर–इंजीनियरिंग ट्रेडों के लिए शेष और पूरक प्रशिक्षुओं के लिए अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विस्तृत कार्यक्रम संबंधित ITI के सूचना पट्टों पर प्रदर्शित कर दिया गया है। प्रशिक्षण महानिदेशालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा पन्द्रह दिसंबर से शुरू होगी। इसमें दो हजार इक्कीस सत्र में प्रवेश पाने वाले प्रशिक्षु और दो हजार बाईस सत्र के बाद के सभी प्रशिक्षु परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। यह परीक्षा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज, राजकीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, बकुलतला और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अरोंग, में आयोजित की जाएगी। सभी पात्र उम्मीदवारों से पात्रता निर्माण और शुल्क भुगतान के लिए 8 दिसंबर तक अपने संबंधित आईटीआई के शैक्षणिक प्रकोष्ठ से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित राज्य पुस्तकालय में राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 20 नवंबर तक सुबह 9 से रात 8 बजे तक चलेगा। कल 240 से अधिक छात्रों ने प्रदर्शनी में भाग

लिया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें चित्रकला, भाषण और रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता भी शामिल थीं।

<><><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर ने सामान्य साइबर सुरक्षा खतरों की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा खतरों और साइबर कानूनों पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। वन स्टॉप सेंटर की पैरा लीगल वकील रुखसार रहीम ने समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर सीआईडी शाखा के उप निरीक्षक हरि कृष्ण ने साइबर सुरक्षा समाधानों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साइबर खतरों की बढ़ती संख्या सीधे तौर पर उपयोगकर्ताओं को निशाना बना रही है, और यह घटनाएँ सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। सत्र के दौरान, रिर्सोस पर्सन ने साइबर अपराध की शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर – 1930 साझा किया।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 1 से 12 दिसम्बर तक सर्किट बैठक आयोजित की जाएगी। इन तिथियों के दौरान नई याचिकाएँ भी स्वीकार की जाएंगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि जिन मामलों की सुनवाई CAT में लंबित है, वे अपने शासकीय अधिवक्ताओं से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ मामले की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएँ ताकि सरकार की ओर से प्रभावी ढंग से पैरवी की जा सके। इसके साथ ही विभागाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि उनके नोडल अधिकारी सुनवाई की तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों सहित अधिकरण में उपस्थित रहें।

<><><><><><><><>

चिन्मय मिशन में 23 से 29 नवंबर, तक श्री राम कथाका आयोजन किया जाएगा। कथा शाम 6 बजे से साढ़े सात बजे तक होगी। 24 नवंबर को सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े सात बजे तक प्रातःकालीन सत्र आयोजित होगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप के लिए 23 नवंबर को चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। 3 से 13 दिसंबर तक पश्चिम बंगाल में आयोजित इक्यावनवीं राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप में द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए कुल चार खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 21 नवंबर तक डेयरी फार्म स्थित कार्यालय में अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकती हैं।

<><><><><><><><>

तीरंदाजी संघ आगामी जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बाईस और तेईस नवंबर को श्री विजयपुरम में ओपन स्टेट जूनियर और सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप और चयन ट्रायल आयोजित करने जा रहा है। चयनित जूनियर तीरंदाज बाईस से तीस दिसंबर, तक रायपुर और दस से उन्नीस दिसंबर तक हैदराबाद में होने वाली तीरंदाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। खिलाड़ियों को इक्कीस नवम्बर को दोपहर दो बजे तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी प्रविष्टियाँ जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से कल वार्ड संख्या– चार में एक विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए अपने नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। अभियान के परिणामस्वरूप कुल तीस लाख अठारह हजार दो सौ तेईस रुपये एकत्र हुए। बाईस नवम्बर को नगरपालिका परिषद वार्ड संख्या–पांच के अटलांटा पॉइंट सामुदायिक हॉल और आरजीटी रोड सेनेटरी साइट कार्यालय में कर संग्रह अभियान आयोजित करेगा।

<><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान प्रशासन की ओर से सिविल डिफेंस वॉलन्टियर्स के लिए कॉल ऑन वेन रिक्यावर्ड बेसिस पर चयन के लिए साक्षात्कार 17 नवम्बर को दिन में ग्यारह बजे रखा गया है। यह साक्षात्कार जिला उपायुक्त कार्यालय, मायाबंदर में आयोजित होगा। उम्मीदवारों को अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ एक घंटा पहले पहुंचने को कहा गया है।

<><><><><><><><>